श्रीमती सरोज दुबे (बिहार) : मैडम, हुआ है। ...**(व्यवधान)**...

उपसभापति : बैठिए । ...**(व्यवधान)**... बैठिए, प्लीज बैठिए। श्री द्रुपद बरगोंहाइ, आप बोलिए।

श्री राजीव शुक्ल (उत्तर प्रदेश) : मैडम, मृदुला जी को लेना चाहें तो लें, लेकिन प्रेमचंद जी को क्यों हटाया जाए?

उपसभापति : I agree with you that प्रेमचंद को नहीं हटाना चाहिए। मैं आपके साथ हण्ड्रेड परसेंट सहमत हूँ। ...**(व्यवधान)**... बैठिए। Now, I am speaking, please sit down. You have asked me to react. When I am reacting, you keep on shouting. This is not the way. I am saying, I agree with the House that, definitely,प्रेमचंद को नहीं हटाना चाहिए। हम सब बचपन से उनको पढ़ते आए हैं। ...**(व्यवधान)**... बात खत्म हो गई। सरकार क्या कर रही है, वह बताएगी। ...**(व्यवधान)**...

श्री लालू प्रसाद : मैडम, क्या बताएगी सरकार? * को कोई पढ़ना नहीं चाहता। हटाइए। ...**(व्यवधान)**...

उपसभापति : नहीं, यह बात नहीं है। This is not correct. That will not go on record, because जो यहां नहीं है, उसके बारे में बात मत करिए । बरगोंहाइ जी, आप बोलिए। ...**(व्यवधान)**... उनको बोलने दीजिए।

THE ELECTRICITY BILL, 2003

SHRI DRUPAD BORGOHAIN (Assam): Madam, I thank you...*(Interruptions)*...

श्री एस० एस० अहलुवालिया (झारखंड) : मैडम, उस दिन सदन में एचआरडी मिनिस्ट्री पर पूरी चर्चा हुई है। यह रातों-रात तो बदला नहीं गया। उस दिन यह बात क्यों नहीं उठाई गई? ...**(व्यवधान)**...

श्री नीलोत्पल बसु (पश्चिमी बंगाल) : जब नोलेज में आएगा, तभी बात होगी। ...**(व्यवधान)**... जिस तरह से परिवर्तन हो रहा है, अहलुवालिया जी, वैसे ही बात की जा रही है। ...**(व्यवधान)**...

---

* Not recorded.

उपसभापति : Please sit down. We have to take up the Bill now ...*(Interruptions)*... Come on, now I have to finish it. **बैठ जाइए, प्लीज। ...(व्यवधान)...** बैठिए, आप बैठिए। नीलोत्पल जी, आप बैठिए। अहलुवालिया जी, just one minute. Please take your seat. शुक्ल जी, आप बैठिए। देखिए, अभी जैसे आपने कहा कि आपको अभी पता लगा तो आपने उठाया। अब हाऊस को भी अभी पता लगा, मुझे अभी पता लगा। **...(व्यवधान)...** मैं सहयोग कर रही हूँ कि मुझे अभी पता लगा तो अब मुझे मालूम करने दीजिए, तभी तो कुछ होगा। मैं अभी कुछ नहीं बोल सकती। **...(व्यवधान)...**

श्री लालू प्रसाद (बिहार) : मैडम, हम लोग आपको सहयोग कर रहे हैं।

उपसभापति : आपका बहुत बहुत धन्यवाद । **...(व्यवधान)...**

श्री राजीव शुक्ल (उत्तर प्रदेश) : आप पता कर लीजिए।

उपसभापति : बिल्कुल पता कर लेंगे। अभी लंच में मैं पता कर लूंगी। आप बैठिए। **...(व्यवधान)...**

SHRI DRUPAD BORGOHAIN: Madam, I thank you for giving me the opportunity...*(Interruptions)*...

श्री राजीव शुक्ल : अभी पता कर लीजिए।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, keep quiet. It is over...*(Interruptions)*... Don't behave like this. He is speaking. After my speaking, nothing is going on record. अब आप बरगोंहाइ जी को बोलने दीजिए। आप इनके खिलाफ क्यों हैं? शुक्रवार को भी बोलने नहीं दिया और आज भी नहीं बोलने दे रहे। Why are you against him? बोलिए, बरगोंहाइ जी ।

SHRI DRUPAD BORGOHAIN: Madam, I thank you for giving me the opportunity to make a few points on the Electricity Bill, 2003. The hon. Minister has brought this comprehensive Bill to further privatise the generation and distribution of electricity in the country. Madam, privatisation is bad when it leads to unevenness in economic development and when it leads to closure of the PSUs thereby rendering a huge number of workers unemployed.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Order please. Let him speak.

SHRI DRUPAD BORGOHAIN: So, I am against this Bill.

Moreover, subsidies cannot be totally eliminated in a poor country like India. To keep the price of electricity at some reasonable limit, it must be there. Madam, electricity is a very important infrastructure for the development of a nation. But, in this very important sector, our country is not up to the mark. The country needs to produce more than one lakh M.W. of power within a few years. There is a very big gap between the demand and supply of electricity in our country. While India is fast developing in industrial sector, and since agriculture is also going to be mechanised, the shortage of electricity is going to be felt to a bigger extent in the coming years. Most of the State Electricity Boards fail to cope up with the requirement. Generation of electric power is far short of demand in almost every State.

Though our country has a vast potential for generation of electricity, yet all the sources are not tapped fully till today. Madam, in electric generation, the North-Eastern States can play a vital role because this region has abundance of water, and, as most part of this area is hilly area, there are many forceful rivers with rapid current. And, these rivers with a rapid current can be tapped for electricity generation by establishing big or small hydro-electric projects. There are several such projects built by the NEEPCO in this region. Yet, this is not sufficient to meet the demand. Brahamaputra may be another big source of power. Experts say that if *bunds* are built in the catchment areas of Brahamaputra, it can generate about 70,000 MW, which is a huge amount of hydro-electric power. This quantity is sufficient to meet not only the demand of whole North-Eastern region, but the demands of some other States, namely, West Bengal, Bihar and Uttar Pradesh, etc. can also be met by it. Although there is the possibility of such a big project, yet the Central Government is not ready to tap this source. I urge upon the Minister to look into the matter, and implement the proposal forwarded by the Brahamaputra Board in this regard. So, I think a National Policy should be framed in this regard to generate all types of electric power, whether it is from coal or from rivers with swift current. For this, a comprehensive Bill was necessary. I think, the Government needs to evolve such a national policy, which should be framed with the cooperation and consultation of all the State Governments. Now, the Bill does not envisage this. The time-frame is also not proposed for having such a national policy, which is highly essential. I, therefore, urge upon the Minister to look into the matter.

As regards the generation of electricity, I would like to say that

when there is a good chance of generating cheap hydro-electric power, the Government opted for a method of generation which is costlier. So, the Government must have proper planning instead of giving good slogans to give power to everybody. When the production is abundant only then such types of slogans can be transformed into reality. About six lakh villages are suffering due to lack of electricity. Rural electrification is still a casualty. I urge upon the Minister to think over this matter and go for generation of hydro-electric power in the public sector. For this purpose, the North-Eastern States, North Bengal and some other parts of the country like Himachal Pradesh and also the whole Himalayan region are very suitable, and then this production can be distributed to the needy parts of the country.

But, Madam, there are terrible problems both in generation and distribution of electricity as a result of which consumers feel the short supply of electricity. On the other hand, the inefficiency as regards the distribution also causes big hardships to consumers. Inefficient managements of State Electricity Boards are one of the causes of difficult situation in the field of electricity generation as well as distribution. So, this problem must be solved. Moreover, the problem of transmission is also there. Power grids should be made more efficient to transmit the produced electricity quickly to any part of the country. We have seen in Assam that electric generation is far short of requirement. Most villages do not have an electric line. Many younger entrepreneurs who are interested in establishing small-scale as well as medium size industries in Assam find it difficult to get power. The Government has not yet decided on Angorie project. Sometimes, the authority is also not dealing with the problem seriously. So, the Ministry must consider coping up with the situation. Many a time, disputes also arise as regards the inflated electricity bill given to individual consumers. On the other hand, pilferage of electric supply also creates trouble in many places. In such pilferage cases, some of the functionaries of authority connive, directly or indirectly, with the consumers. This happens, particularly, in industrial sector.

Madam, I request that the Minister must look into all these matters. Thank you, Madam.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shri Abani Roy-absent. Now, no party has got any time, and I am not calling any one. Mr. Minister.

ऊर्जा मंत्री (श्री अनन्त गंगाराम गीते) : उपसभापति महोदया, इस विधेयक पर चर्चा की शुरुआत कपिल सिब्बल जी ने की और 13 सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया। इस विधेयक के संदर्भ में कई अच्छे सुझाव माननीय सदस्यों ने दिए हैं। मैं इन अच्छे सुझावों का स्वागत करता हूं और जिन सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया है, उनको धन्यवाद देना चाहता हूं।

उपसभापति महोदया, कई मुद्दे इस प्रकार के हैं जिनको माननीय सदस्यों ने अपने-अपने वक्तव्य में दोहराया है। जो प्रमुख मुद्दे सदन में उठाए गए, उनमें कुछ आम मुद्दे हैं जिनका उत्तर मैं पहले देना चाहूंगा। साथ ही साथ कुछ संशोधनों पर भी कई मुद्दे इस सदन में उठाए गए हैं, उन संशोधनों पर भी निश्चित रूप से मैं जवाब देने का प्रयास करूंगा।

उपसभापति महोदया, सबसे पहले तो यह मुद्दा उठाया गया कि ऊर्जा की स्थाई समिति ने जो सुझाव दिए, उन सारे सुझावों को इस विधेयक में शामिल नहीं किया गया। यह कहते हुए सदस्यों ने इस बात की जानकारी सदन को दी है कि स्थाई समिति ने 112 सिफारिशें की थीं और 112 सिफारिशों में से 58 सिफारिशें ऐसी हैं, जिनको इस विधेयक में शामिल किया गया है, 31 सिफारिशें ऐसी हैं जिनको जब हम पालिसी तय करेंगे, नियम बनाएंगे, तब स्वीकार किया जाएगा। इस प्रकार लगभग 89 सिफारिशें ऐसी हैं जिनको हम इस विधेयक में स्वीकार कर चुके हैं। इस तरह लगभग 80 प्रतिशत सिफारिशों को हमने स्वीकार किया है लेकिन इसके बावजूद भी स्थाई समिति की कुछ ऐसी सिफारिशें थीं जिनकी ओर सदस्यों ने अपने वक्तव्य में सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। उनमें से जो महत्वपूर्ण सिफारिशें हैं, निश्चित रूप में उन सिफारिशों का हम स्वागत करेंगे। साथ ही साथ मैंने अपने वक्तव्य में पहले ही स्पष्ट किया है कि सरकार के लिए यह कोई प्रतिष्ठा का विषय नहीं है। यह विधेयक ऊर्जा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है। इस विधेयक के पारित होने के बाद जब हम इसे लागू करेंगे तो हमें अनुभव होगा और अनुभव होने पर, उस अनुभव के तहत राष्ट्रहित में, जनता के हित में जितने भी संशोधन करने आवश्यक होंगे, निश्चित रूप में वे संशोधन किए जाएंगे। इसलिए मैं सदन को आश्वस्त करना चाहूंगा कि जो संशोधन आप यहां पर चाहते हैं, मैं अपने भाषण के अंत में उन संशोधनों के बारे में अपनी भूमिका स्पष्ट करूंगा।

उपसभापति महोदया, एक और मुद्दा है जिसका उल्लेख सभी सदस्यों ने यहां पर किया है और वह मुद्दा है ग्रामीण विद्युतीकरण का। हमारी ग्रामीण विद्युतीकरण की जो स्थिति है, वह चिंता का विषय है। आज भी केवल 50 प्रतिशत ग्रामीण लोग ऐसे हैं जिनको हम बिजली दे पाए हैं। यानी बाकी 50 प्रतिशत को हम बिजली नहीं दे पाए हैं। मैं सदन को आश्वस्त करना चाहूंगा कि इस विधेयक के अंदर ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए निश्चित रूप में प्रावधान किए गए हैं। यह प्रयास इस विधेयक में किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाला, दूर-दराज क्षेत्र में रहने वाला, रिमोट एरियाज़ में रहने वाला जो उपभोक्ता है, उसे बिजली मिल सके। इसके लिए जो आवश्यक प्रावधान करने हैं, उन सारे प्रावधानों का इस विधेयक में समावेश किया है।

उपसभापति महोदया, यह विधेयक जब चर्चा के लिए आया तो आमतौर पर इस विधेयक के बारे में यह कहा जाता है कि यह विधेयक प्राईवेटाइजेशन के लिए लाया गया है, यह निजीकरण के लिए लाया गया है। जबकि इस विधेयक के अंदर कहीं भी प्राईवेटाइजेशन का उल्लेख नहीं है। यदि आप सारे विधेयक को पढ़ें तो इसमें प्राईवेटाइजेशन का कहीं भी उल्लेख

नहीं है। ...**(व्यवधान)**... आप पूरी बात सुन लीजिएगा।

यहां पर कर्मचारियों के प्रति चिंता जताई गई। जीवन राय जी ने कर्मचारियों के प्रति चिंता जताई।

उपसभापति : वह हर दफा यह बात उठाते हैं।

श्री अनन्त गंगाराम गीते : वे यूनियन के नेता हैं, कर्मचारियों के नेता हैं। स्वाभाविक है कि वे कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सदन में अपनी बात रखेंगे। उन्होंने यहां यह चिंता जताई कि जो 9 लाख कर्मचारी हैं, यह विधेयक पारित होने के बाद ...**(व्यवधान)**...

श्री जीवन राय (पश्चिमी बंगाल) : आप समझ नहीं पाये हैं। मैंने कहा कि ड्यूटी पोस्ट एलिमिनेट हो जायेगा।

श्री अनन्त गंगाराम गीते : हां, आमतौर पर भी इस विधेयक के संदर्भ में यही कहा जाता है कि इसकी वजह से जो अलग-अलग राज्यों के विद्युत बोर्डों में जो देशभर में 9 लाख कर्मचारी हैं।

श्री जीवन राय : 10 लाख ।

श्री अनन्त गंगाराम गीते : दस लाख कर्मचारी। ...**(व्यवधान)**... यूनियन के नेता हैं तो निश्चित रूप से उनके पास सही आंकड़ा होगा। दस लाख कर्मचारी हैं, उन कर्मचारियों के लिए इस विधेयक से खतरा होगा। मैं सदन को आश्वस्त करना चाहूंगा। ...**(व्यवधान)**...

श्री जीवन राय : बात ऐसी नहीं है।

उपसभापति : आप उनको जवाब देने दीजिए।

श्री जीवन राय : दस लाख, नौ लाख ड्यूटी पोस्ट एलिमिनेट हो जायेगा। इसके बाद में आने वाली पीढ़ी को, किसी के लड़के, पोते को परमानेंट नौकरी मिलने वाली नहीं है। यही बात मैंने कही है।

श्री अनन्त गंगाराम गीते : महोदया, आने वाले खतरे के संदर्भ में जीवन राय जी ने बताया है। फिर भी, इस विधेयक के बारे में गलतफहमी न रहे, इसके लिए मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस विधेयक के पारित होने के बाद कर्मचारियों के लिए किसी भी प्रकार का खतरा संभव होने की कोई संभावना नहीं है।

उपसभापति महोदया, यूनियन के नेता होने के कारण वे कर्मचारियों के हितों के बारे में सोचते हैं। सरकार भी कर्मचारियों के हितों के लिए सजग है, कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने की जिम्मेदारी सरकार की भी है। जिस प्रकार से कर्मचारियों के हितों की रक्षा करनी है,

उसी प्रकार से इस देश के अंदर जो सौ करोड़ जनता है, उसके हितों की रक्षा करना भी सरकार की जिम्मेदारी है। इसलिए हम इस जिम्मेदारी से अवगत हैं और हम अपनी जिम्मेदारी को निभाना चाहते हैं। उपसभापति महोदया, इस विधेयक के संबंध में श्री संतोष बागड़ोदिया जी, कपिल सिब्बल जी, अश्विनी कुमार जी और कई सदस्यों ने कई मुद्दे यहां पर उठाए, कई महत्वपूर्ण सुझाव आपने यहां पर दिये। जिन सदस्यों ने यहां पर इस चर्चा में भाग लिया, मैंने पहले ही उनका धन्यवाद किया है। इसके अतिरिक्त जिन महत्वपूर्ण संशोधनों पर आपने यहां पर सुझाव दिये हैं, मैं उन संशोधनों के ऊपर आना चाहता हूं। सबसे पहले तो यह भय है कि इस विधेयक के अंदर यह प्रावधान किया गया है कि वितरण के क्षेत्र में इस विधेयक के पारित होने के बाद दूसरे को भी यहां पर इजाजत है। इसलिए जब हम किसी दूसरे को वितरण के क्षेत्र में इजाजत देते हैं तो यह सुझाव आया है कि उसके लिए जो शर्तें हैं, वे सख्त नहीं होनी चाहिए ताकि वितरण के क्षेत्र में खुली स्पर्धा हो, कम्पीटिशन हो। एक के बजाय दो, दो के बजाय तीन वितरक यहां पर आएं। निश्चित रूप से उस सुझाव से मैं सहमत हूं। किसी भी प्रकार की बाधा हम दूसरे वितरक के आने के लिए नहीं लाना चाहते हैं। मैं सदन को आश्वस्त करना चाहूंगा कि इसके लिए कोई भी शर्तें यदि बाधा बनती होंगी तो उन शर्तों को हटाने का प्रयास निश्चित रूप से किया जाएगा। एक आशंका यहां पर जताई गयी कि जो राज्य विनियामक आयोग हैं, इन राज्य विनियामक आयोगों की भी कोई जवाबदेही हो, ये किसी के प्रति आंसरेबल हों। इसलिए मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि राज्य विनियामक आयोग की जो रिपोर्ट्स हैं, उन रिपोर्ट्स के ऊपर संसद चर्चा कर सकती है, इसके लिए हमें कोई पाबंदी नहीं है। निश्चित रूप से उस रिपोर्ट के ऊपर हम चर्चा कर सकते हैं और चर्चा करने के बाद जो भी सुझाव हमें देने हैं, वे सुझाव भी हम निश्चित रूप से दे सकते हैं। इसलिए राज्य विनियामक आयोग संसद के प्रति निश्चित रूप से जवाबदेह हैं।

श्री संतोष बागड़ोदिया (राजस्थान) : इस बात पर जो आपने कहा, मैं माफी चाहता हूं, यह जो आपने कहा है, यह तो आपने, मैं डिसक्लोज़ करूं कि हमारी मीटिंग्स में भी कहा, पहले भी आपने कहा है। आपके जो अफसर हमारी कमेटियों में आए थे, उन्होंने भी कहा लेकिन हमने कहा था कि यह बात सही नहीं है, प्रैक्टिस में नहीं है। दूसरी बात यह है कि खाली पास्ट रिपोर्ट यहां पब्लिश होती है। फ्यूचर में क्या करने वाले हैं? साल भर का प्रोग्राम, दो साल का प्रोग्राम, लॉंग टर्म प्रोग्राम, उनके लिए तो आपने भी नहीं कहा। वह भी ऐश्योरेंस हुआ था। इसलिए आप स्पष्ट करिए कि हम स्टैंडिंग कमेटी में भी उनको बुला सकते हैं। आप स्पष्ट बात करिए। घुमा-फिराकर कृपया मत कहिए। आप कहिए कि सारी रिपोर्ट्स हम उनसे आवश्यकता पड़ने पर डिसकस कर सकते हैं।

SHRI SURESH PACHOURI (Madhya Pradesh) : The Commission should submit its Annual Report to the Parliament, and also to the State Legislative Assemblies.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: And also the future programme.

श्री अनन्त गंगाराम गीते : महोदया, कोई गलतफहमी न रहे, इसलिए जो सुधार हमें करने हैं, उन्हें मैं पढ़कर सुनाता हूं ताकि गलतफहमी न रहे। कुछ माननीय सदस्यों ने विनियामक

आयोगों की विधान मंडल के प्रति जवाबदेही के संबंध में चिंता व्यक्त की है। सबसे पहले इस मामले में उत्पन्न किसी भी प्रकार की भ्रांति को मैं दूर करना चाहूंगा। विनियामक आयोग संसद के ही अंग हैं और वे विधान मंडल के प्रति जवाबदेह हैं। उनकी वार्षिक रिपोर्ट और उनके विनियम सदन के सभापटल पर रखे जाते हैं और संबंधित समितियों द्वारा इन पर विचार-विमर्श भी किया जा सकता है। हम चाहते हैं कि ये विनियामक आयोग स्वतंत्र रूप से कार्य करें। अतः सामान्यतः हम उनके विशिष्ट संविधिक निर्णयों पर चर्चा नहीं करना चाहेंगे जिसके लिए अपील और राहत हेतु प्रावधान किए गए हैं। यह सामान्य परंपरा के अनुरूप है। इन विनियामक आयोगों को न्यायिक अधिकार दिए हैं और इसलिए जो उनके न्यायिक अधिकार हैं, उनमें हम कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहते हैं लेकिन उनकी रिपोर्टों पर निश्चित रूप में संसद में और समिति में चर्चा की जा सकती है।

उपसभापति महोदया, जो मुख्यतः संशोधन आए हैं, वे डिस्ट्रिब्यूशन में हम जो ओपन एक्सेस देने जा रहे हैं, उसके संदर्भ में हैं। क्लॉज़ 42 में संशोधन के सुझाव यहां पर दिए गए हैं जिसमें यह कहा गया है कि एक वर्ष के अंदर राज्य विनियामक आयोग तय करे कि ओपन एक्सेस किस समय तक दिया जाए और सुझाव यह आया कि इसके लिए कोई समय-सीमा तय होनी चाहिए। मैं सदस्यों के इस सुझाव से बिलकुल सहमत हूं और इसलिए जो सुझाव सदस्यों ने यहां पर इस संदर्भ में दिए हैं कि समय-सीमा तय करने के लिए धारा 42 के माध्यम से तीन से पांच वर्ष में वितरण में ओपन एक्सेस शुरू करना - यह जो समय-सीमा आप चाहते हैं, मैं सदन को आश्वस्त करना चाहूंगा कि सरकार की ओर से इस प्रकार का संशोधन हम निश्चित रूप में सदन में लेकर आएंगे।

एक और संशोधन जिसका सुझाव यहां पर दिया गया है, धारा 121 के बारे में है। ...**(व्यवधान)**...

श्री सुरेश पचौरी : मैडम, ये सदन में लाएंगे तो कब तक लाएंगे, केवल मेरा यही आग्रह है।

उपसभापति : अभी मंत्री जी पूरा कर लें फिर आप पूछिएगा।

श्री अनन्त गंगाराम गीते : पूरा करने दीजिए ना। सारे संशोधन होने दीजिए, बाद में मैं आपको समय देता हूं। धारा 121 में जो अपीलेट ट्रिब्यूनल गठित करने की धारा है, उसमें अपीलेट ट्रिब्यूनल के चेयरमैन को सुपरिंटेंडेंस एंड कंट्रोल का अधिकार दिया गया है। उसके संदर्भ में सदस्यों ने यहां पर आपत्ति उठाई और कई सदस्यों ने यह सुझाव दिया कि इसमें संशोधन करने की आवश्यकता है। जो न्यायिक अधिकार है, वह ट्रिब्यूनल के पास रहे लेकिन सुपरिंटेंडेंस एंड कंट्रोल का जो अधिकार है, वह उन्हें न दिया जाए इसलिए कि इतने बड़े क्षेत्र की जिम्मेदारी किसी एक के हाथ में हम सौंप दें और किसी एक के ऊपर यह निर्भर न रहे ताकि जो विधेयक हम यहां पर पारित करने जा रहे हैं, जिसके माध्यम से ऊर्जा के क्षेत्र में हम सुधार करना चाहते हैं और उन सारे राज्यों में उसे लागू करना है तो उसमें बाधा न हो, इसलिए किसी एक व्यक्ति के हाथ में यह सारा अधिकार नहीं जाना चाहिए। जिन सदस्यों ने इस संदर्भ में यहां

पर संशोधन करने के लिए सुझाव दिया है, मैं उनके उस सुझाव से सहमत हूं और मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस संदर्भ में भी सुपरिंटेंडेंस एंड कंट्रोल को हटाने के बारे में जो संशोधन लाना है, वह सरकार की ओर से निश्चित रूप में लाया जाएगा।

एक और संशोधन है जिसके संदर्भ में लगभग आधे दर्जन सदस्यों ने चिंता जताई है। यह धारा 135, धारा 139 और धारा 140 के संदर्भ में है। महोदया, आप जानती हैं कि आज देश में बिजली की बहुत चोरी हो रही है और जब तक हम बिजली की चोरी को नहीं रोक पाएंगे तब तक राज्य विद्युत बोर्डों की जो बिगड़ती स्थिति है, उसको हम नहीं सुधार सकेंगे। इसलिए बिजली की चोरी को रोकना आवश्यक है और उसको रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की आवश्यकता है। सख्त कानून के लिए किसी सदस्य ने विरोध नहीं किया है लेकिन यह कानून बनाते समय जो कड़े शब्द हैं, जिनका यहां प्रावधान किया गया है, जिससे शायद या केवल संभवत: जब हम डिस्ट्रिब्यूशन को ओपन करने जा रहे हैं, जेनरेशन को ओपन करने जा रहे हैं तो निजी क्षेत्र इसमें आएगा। इसलिए जब निजी क्षेत्र इसमें आए तो उसका दुरुपयोग न हो और आम उपभोक्ता को पीड़ा न हो, इसके लिए इसमें कुछ संशोधन करने की आवश्यकता है। धारा 135,139 और 140 जिनमें दंड प्रावधान है, विद्युत दुरुपयोग के संदर्भ में "संभावित" जैसे मुहावरों को हटाकर सरकार की ओर से इस संसद में निश्चित रूप से संशोधन लाया जाएगा। इस प्रकार भी मैं सदन को आश्वस्त करना चाहूंगा।

श्री संतोष बागड़ोदिया : धारा 96 भी है।

श्री अनन्त गंगाराम गीते : जी हां, धारा 96 भी है।

श्री संतोष बागड़ोदिया : आपने उसको रेफर नहीं किया है।

श्री अनन्त गंगाराम गीते : धारा 96 भी, जहां-जहां है, वहां लाया जाएगा। मैं सदन को इस बात से भी अवगत कराना चाहूंगा कि यह विधेयक ऊर्जा की स्थिति में सुधार लाने के लिए हैं। हम ऊर्जा उत्पादन का डीलाइसेंसिंग करने जा रहे हैं, ट्रांसमिशन में ओपन एक्सेस देने जा रहे हैं, डिस्ट्रिब्यूशन में ओपन एक्सेस देने जा रहे हैं। इस प्रकार एक नया कदम हम इस क्षेत्र में उठा रहे हैं। इस विधेयक के पारित होने के बाद, इसे लागू करने के बाद हमें जो अनुभव मिलेगा, उस अनुभव को भी यदि आवश्यकता होगी तो हम समय-समय पर राष्ट्र के हित में, जनता के हित में, संशोधन लाने और करने आवश्यक हों, तो उपयोग में लाएंगे। यहां पर जिन सदस्यों ने अपने संशोधनों का सुझाव दिया है, उनके संदर्भ में मैं इस सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम सरकार की ओर से इसे प्रतिष्ठा का मामला नहीं बनाना चाहते हैं। सारे सदस्यों ने यह मांग की है कि संसद के आने वाले अधिवेशन में इन संशोधनों को लाया जाए, मैं इसे प्रतिष्ठा का मामला नहीं बनाना चाहता इसलिए उपसभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन को आश्वास्त करना चाहूंगा कि जल्द से जल्द हम इन संशोधनों को लेकर निश्चित रूप से सरकार के सामने आएंगे। ये संशोधन सरकार की ओर से लाए जाएंगे और स्थायी समिति ने जो सुधार या सिफारिशें दी हैं, विशेषकर आम सहमति के साथ जो सुझाव दिए हैं, जिनका जिक्र यहां पर सदस्यों ने भी किया है, उन चारों संशोधनों को लाने का आश्वासन मैं सरकार की ओर से यहां सदन को देता हूं।

उपसभापति महोदया, सन 2000 से इस विधेयक पर काम चल रहा है। 2001 में इसे संसद के सामने रखा गया और 2003 में आज हम इसे पारित करने जा रहे हैं। केवल देश ही नहीं अपितु ऊर्जा से जुड़ी जो दुनिया भर की संस्थाएं हैं उनका भी इस विधेयक की तरफ ध्यान है। मेरा यह मानना है कि इस विधेयक के पारित होने के बाद ऊर्जा क्षेत्र एक उद्योग के रूप में, एक इंडस्ट्री के रूप में उभरेगा। ऊर्जा निर्माण के क्षेत्र में इस विधेयक के पारित होने के बाद निजीकरण को, निजी संस्थाओं को, चाहे सहकारिता के माध्यम से हो, चाहे निजी कंपनी के माध्यम से हो, चाहे कैप्टिव पावर प्रोजेक्ट हो, सभी को इस विधेयक के पारित होने के बाद बढ़ावा मिलेगा। हम निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने जा रहे हैं। ऊर्जा निर्माण के क्षेत्र में तो आप सभी जानते हैं, सारा सदन भी जानता है कि जब नए प्रोजेक्ट लगेंगे, नई परियोजनाएं आएंगी तो इन परियोजनाओं के साथ-साथ नए रोजगार भी निश्चित रूप से उपलब्ध होंगे। जब हम वितरण के क्षेत्र में निजीकरण को बढ़ावा देने जा रहे हैं तो जो निजी संस्थाएं वितरण के क्षेत्र में आएंगी उनसे वितरण के क्षेत्र में भी नए रोजगार के अवसर निश्चित रूप से मिलेंगे। जिस लक्ष्य को हमने निर्धारित किया है कि 2007 तक गांव-गांव में बिजली पहुंचे, 2012 तक हर घर में बिजली पहुंचे, आने वाले दस साल में एक लाख मेगावाट अतिरिक्त बिजली का निर्माण करना, इस अतिरिक्त बिजली के निर्माण के लिए, केवल ऊर्जा निर्माण के लिए चार लाख करोड़ की आवश्यकता है। इतने बड़े निवेश के लिए हम चाहते हैं कि यह निवेश देश में हो। इतने बड़े निवेश के कारण भी रोजगार का अवसर देश में निश्चित रूप से बढ़ेगा।

श्री नीलोत्पल बसु : बारह साल से यही सुनते आ रहे हैं। बारह साल से यह कहानी सुन रहे हैं।

श्री अनन्त गंगाराम गीते : इस कहानी का जो सफल अंजाम है ...**(व्यवधान)**... उपसभापति महोदया, यदि मैं कहूं तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इस कहानी का सफल अंजाम इस विधेयक का पारित होना है। मैं सदन को आश्वस्त करना चाहूंगा कि इस विधेयक के पारित होने के बाद इस कहानी का सफल अंजाम हमें निश्चित रूप से देखने को मिलेगा। मैं सारे सदस्यों को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने चर्चा में भाग लिया है। जो संशोधन हैं, जिनके लिए सुझाव दिया है उस संदर्भ में मैंने सदन को आश्वस्त किया है कि इन संशोधनों को हम सरकार की ओर से लेकर आएंगे।

श्री नीलोत्पल बसु : कब लेकर आएंगे?

उपसभापति : नेक्स्ट सेशन में।

श्री अनन्त गंगाराम गीते : सदन की मांग है कि आप अगले सेशन में इन सारे संशोधनों में ले आइए। इसके लिए मैं आपको आश्वस्त करना चाहूंगा कि संसद के अगले अधिवेशन में इस प्रकार के संशोधन निश्चित रूप से सरकार की ओर से लाए जाएंगे । मैं सदन से प्रार्थना करता हूं कि जिन्होंने यहां पर संशोधन दिए हैं, वे उन संशोधनों को पीछे लें और इस बिल को सर्वसम्मति के साथ पारित करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

1.00 P.M.

THE DEPUTY CHAIRMAN : I will suggest *Mantriji*, because I have gone through the debate, बहुत सारे लोगों को इसके अलग-अलग क्लॉजेज पर कुछ न कुछ सजेशन्स देने हैं। आपने अच्छा किया जो यह कहा कि हम सदन में एक कोम्प्रिहेन्सिव बिल लेकर आएंगे। अभी हमारे पास डेढ़, दो-ढाई महीने का टाइम दूसरे सेशन के बीच में रहेगा । जो पूरा बिल है, जिन लोगों ने संशोधन दिए हैं, इसकी और भी जो क्लॉजेज हैं, इन पर आप उनके साथ बैठकर अच्छी तरह से विचार-विमर्श कर लीजिए ताकि जब दोबारा से आप कोम्प्रिहेंसिव बिल लेकर आएं तो वह ठीक से पास हो जाए ...**(व्यवधान)**...

SHRI NILOTPAL BASU: Madam, I would like to say that ...*(Interruptions)*...

THE DEPUTY CHAIRMAN: After my ruling, you want something else.

SHRI NILOTPAL BASU : Madam, before we go to the subsequent process, whether the hon. Minister will explain to us - we evolved the Standing Committee system to improve the quality of legislation - why the Government was not in a position to accept 80 per cent of the amendments proposed by the Standing Committee after putting in 16 months of hard labour. ...*(Interruptions)*...

उपसभापति : जीवन राय जी अभी बैठिए Okay. The Minister said ...*(Interruptions)*...

श्री जीवन राय : मैडम, मेरे एक भी अमेंडमेंट का जवाब नहीं दिया है इसलिए मेरा अधिकार बनता है ...**(व्यवधान)**...

उपसभापति : आपका दिया है, सब अमेंडमेंट जो हैं । What I have suggested is that there is enough time between now and the next Session of the Parliament. The Minister can hold more meetings with the Members of Parliament who have any doubts and also with the Members of the Standing Committee and then come back to the House with a comprehensive Bill, which will satisfy everybody, and there would be no problem. Whatever happened in the past, I cannot comment on that.

श्री ऐमादुद्दीन अहमद खान (दुरु) (राजस्थान) : लेकिन मैडम ...**(व्यवधान)**...

उपसभापति : आपके भी हैं। मैंने इसीलिए कहा कि जो अमेंडमेंट ...**(व्यवधान)**...

SHRI NILOTPAL BASU: Madam, the whole system of the Standing Committees is becoming infructuous.

श्री ऐमादुद्दीन अहमद खान (दुरु) : मैडम, जब इन्होंने स्टैण्डिंग कमेटी की यूनेनिमस रिकमेंडेशन्स नहीं मानीं तब ये इन्डिवीजुअल एम.पी. की क्या मानेंगे।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Not individual Member of Parliament. ...(*Interruptions*)...

SHRI NILOTPAL BASU: Madam, this is not a simple question just covering the issues, which this Bill has thrown up. It is a larger institutional question. All the political parties have endorsed the whole concept of the Standing Committee. We have accepted that to improve the quality of our legislation, we are going to use this instrument of the Standing Committee. The Standing Committee deliberates for sixteen months, comes up with so many unanimous recommendations, and eighty per cent of the recommendations...(*Interruptions*)... Let the Government just explain. ...(*Interruptions*)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Your complaint...(*Interruptions*)...

SHRI NILOTPAL BASU: Let the Government explain it.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Whether the Government explains or not, let me put the question. ...(*Interruptions*)... He has explained it.

SHRI NILOTPAL BASU: Madam, I need your protection. It is a fundamental question regarding the rights of this House.

उपसभापति : आप भी बैठिए। मंत्री जी, स्टैंडिंग कमेटी की जो यूनैनिमस रेकमेंडेशंस आई थीं उनको शामिल करने के बारे में क्या आपको कोई अड़चन थी। क्या अब आप यह आश्वासन देंगे कि दोबारा से आप उन्हें देखेंगे?

श्री अनन्त गंगाराम गीते : उपसभापति महोदया, स्टैंडिंग कमेटी ने जो सिफारिशें दी थीं, उनमें से 80 प्रतिशत सिफारिशों को, लोक सभा में विधेयक पारित होने से पहले ही हमने उनको विधेयक में शामिल किया है। उसके बाद जो महत्वपूर्ण संशोधनों की आवश्यकता माननीय सदस्यों को लगी और जिनका माननीय सदस्यों ने यहां पर अपने भाषणों में उल्लेख किया है और

उन संशोधनों को यहां पर रखा है या सुझाव दिए हैं, तो उनमें से जो प्रमुख चार सुझाव थे, जिनका मैंने यहां पर उल्लेख किया है, उसके लिए मैं दोबारा आश्वस्त करना चाहूंगा कि संसद् के आने वाले अधिवेशन में उन सारे संशोधनों को सरकार की ओर से लाया जाएगा।

THE DEPUTY CHAIRMAN : The question is:

"That the Bill to consolidate the laws relating to generation, transmission, distribution, trading and use of electricity and generally for taking measures conducive to development of electricity industry, promoting competition therein, protecting interest of consumers and supply of electricity to all areas, rationalization of electricity tariff, ensuring transparent policies regarding subsidies, promotion of efficient and environmentally benign policies, constitution of Central Electricity Authority, Regulatory Commissions and establishment of Appellate Tribunal and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill. Clause-2 - there is one amendment by Shri Jibon Roy. Now after the assurance of the Minister...

SHRI JIBON ROY: Madam, I move the amendment.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Just a minute. Let me put the question. I have got a lot of amendments. If after the assurance of the Minister you are still going to press the amendments, I have no problem. I will do it. Now you have to move the amendments. I will put the amendment to vote.

CLAUSE - 2 (Definitions)

SHRI JIBON ROY: Madam, I move:

"That at page 6, line 38, for the word "pressure" the word "voltage" be substituted."

The question was put and the motion was negatived.

Clause 2 was added to the Bill.

CLAUSE - 3 (National Electricity Policy and Plan)

THE DEPUTY CHAIRMAN: I now take up clause 3 of the Bill. There are three amendments from 2 to 4 by Shri Santosh Bagrodia and one amendment No. 5 is by Shri Jibon Roy.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Madam, I am not pressing.

SHRI JIBON ROY: I move:

That at page 7, for lines 26 and 27, the following be substituted, namely:-

"(4) The National Electricity Policy shall be drafted by Central Electricity Authority in consultation with States and shall be approved and notified by Central Government once in a five -year."

Madam, I want division.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Jibon Roy, I will tell you the procedure. When I say those against will please say no and before I say, "The no's have it, you can ask for division." On the next clause you can do it, but not on this clause. You have got so many amendments. Don't worry we will have a division.

SHRI NILOTPAL BASU: Madam, we want to have division on this particular clause.

THE DEPUTY CHAIRMAN: But he should have asked for the division.

SHRI NILOTPAL BASU: We are asking for the division.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Okay, division. Do you want division?

SHRI JIBON ROY: Yes, Madam. I may be allowed to explain it.

THE DEPUTY CHAIRMAN: No explanation. You have done it ...*(Interruptions)*...You have already spoken. Now let us have division. Let the lobbies be cleared. Actually, Mr. Jibon Roy, you should have asked for

the division at final stage, when we pass the Bill, because at that time, division would have been nicer ...*(Interruptions)*... Sometime, in the session, we should have a division. Now, I am putting Clause No. 3, Amendment No. 5 by Shri Jibon Roy to vote. Now, the question is:

5. That at page 7, for lines 26 and 27, the following be substituted, namely:-

"(4) The National Electricity Policy shall be drafted by Central Electricity Authority in consultation with States and shall be approved and notified by Central Government once in a five year."

The House divided.

THE DEPUTY CHAIRMAN:

Ayes: 21

Noes: 37

Ayes: 21

Ahmed, Shri Sk. Khabir Uddin

Anil Kumar, Shri

Basu, Shri Nilotpal

